भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय नागर विमानन मंत्री श्री पी. अशोक गजपति राजू द्वारा एनओसी आवेदन प्रणाली (एनओसीएएस) वर्जन 2 राष्ट्र को समर्पित

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर, 2015 :- विमान संरक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हवाईअड्डों के आस-पास की संरचनाओं को हाइट क्लीयरेंस हेतु 'अनापति प्रमाण पत्र' जारी करने का दायित्व भाविप्रा को सौंपा गया है। अभी तक एनओसी मामलों की प्रक्रिया में समय खपाने वाली भौतिक गणनाएं तथा सत्यापन प्रक्रियाएं शामिल थी, जिससे एनओसी जारी करने में छः सप्ताह या अधिक समय लग जाता था। एनओसी वर्जन 2.0 को प्रयोक्ता हितैषी, स्वचालित विशेषताओं के साथ एनआईआईटी के सहयोग से भाविप्रा की इन-हाउस एनओसी टीम द्वारा विकसित किया गया है। इस वर्जन से शहरी और कस्बा योजनाकारों के साथ ही व्यक्तिगत आवेदकों को जारी की गई एनओसी की स्थिति का पता चल सकेगा। चार महानगरों सहित 12 प्रमुख शहरों के लिए कलर कोडिड जोनिंग मैप्स (सीजेडजेडएम) उपलब्ध है।

एनओसीएएस वर्जन को माननीय नागर विमानन मंत्री श्री वी. अशोक गजपति राजू द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में माननीय मंत्री जी ने दैनिक क्रियाकलापों में पारदर्शिता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा इस दिशा में भाविप्रा के कार्यों की सराहना की।

सचिव (नागर विमानन) श्री आर एन चौबे ने इस अवसर पर भाविप्रा की उसकी समयोचित कार्रवाई हेतु प्रशंसा की और कहा कि यह प्रधानमंत्री जी के 'ई-गवर्नेंस' एवं 'व्यापार करने की सुविधा' कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की दिशा में प्रशांलनीय कदम है, तथा नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्र को बेहतरीन तोहफा है।

अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, श्री आर. के. श्रीवास्तव ने पूरी भाविप्रा टीम को तथा विशेषतः एएनएस निदेशालय को सार्वजनिक कार्यक्षेत्र में ऐसा नवीन और उपयोगी उपकरण तैयार करने के लिए बधाई दी।

पूर्व में, अपने उद्घाटन अभिभाषण में श्री ए.के. दत्ता, सदस्य (एएनएस) ने संसद के अधिनियम द्वारा भाविप्रा को एनओसी जारी करने हेतु दिए गए मैन्डेट पर प्रकाश डाला। उन्होने एनओसीएएस वर्जन 2.0 में लागू किए गए मानव मुक्त अतः क्रिया प्रणाली तथा नए वर्जन में लागू विभिन्न स्वचालित विशेषताओ पर प्रकाश डाला जिससे यह एक अनूठी एप्लीकेशन बन गई है।

कार्यक्रम के लाँच होने के तुरंत बाद, माननीय मंत्री जी ने एनओसीएस वेबपोर्टल के माध्यम से एक एनओसी को ऑनलाइन जारी किया। सभी उपस्थितों ने इसका करतल ध्वनि से स्वागत किया।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 78/2015-16

माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री पी. अशोक गजपति राजू द्वारा एनओसीएएस वर्जन 2.0 का उदघाटन । चित्र में श्री आर.एन. चौबे, सचिव (नागर विमानन), श्री आर.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. तथा श्री ए.के. दत्ता, सदस्य (एएनएस) भा.वि.प्रा. भी दिखाई दे रहे हैं।